रतन कॉन्वेंट स्कूल के पॉच छात्र जी0 वी0 माल्वंकर चैम्पियनशिप के लिये चयनित

दिनांक 17 अगस्त से 19 अगस्त तक करनी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित हरियाणा ओपन स्टेट शूटिंग
चैम्पियनशिप में रतन कॉन्वेन्ट स्कूल के शूटर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल के पॉच छात्रों – अंकित शर्मा, विष्णु रस्तोगी, अर्जुन पाराशर, नवजोत सिंह और गौरव सिंह ने इस प्रतियोगिता को क्वालिफ़ाई कर लिया है। अगले माह अहमदाबाद में आयोजित होने वाली जी0 वी0 माल्वंकर चैम्पियनशिप के लिये इनका चयन हो गया है।

गौर तलब है कि विद्यालय के छात्र विष्णु रस्तोगी गत् मास सिंगापुर में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में भी भाग ले चुके हैं।

स्कूल के शूटिंग कोच, आई0 टी0 बी0 पी0 से रिटायर्ड श्री सतनाम सिंह ने बताया कि शीघ्र ही हरियाणा इंटर स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में क्वालिफ़ाई होने वाले विद्यार्थी भी जी0 वी0 माल्वंकर शूटिंग चैम्पियनशिप में अपना स्थान बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि वो अधिक से अधिक छात्रों को इस प्रतियोगिता के लिये तैयार करना चाहेंगे, क्योंकि जी0 वी0 माल्वंकर प्रतियोगिता क्वालिफ़ाई करने वाले छात्र सीधे नेशनल लेवल के लिये चयनित होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री यशवीर सिंह डागर व प्राचार्या श्रीमती सरोज मलिक ने छात्रों के साथ-साथ कोच श्री सतनाम सिंह जी को भी हार्दिक बधाई दी।

श्री डागर ने बताया कि यह सफ़लता सतनाम सिंह जी के अथक परिश्रम का ही नतीजा है। गौर तलब है कि विद्यालय की निजी वातानुकूलित शूटिंग रेंज है जिसमें कोच सतनाम सिंह की देख- रेख में छात्र दिन- रात अभ्यास करते हैं।